दीप पर्व

बर्तन व आभूषणों की दुकानों में दिखा महंगाई का असर

# धनतेरस पर खरीदारी रही फीकी, दुकानें सजी रहीं ग्रहकों के इंतजार में





**अनूपपुर, नवभारत।** मध्युप्रदेश के अनूपपुर जिले में 6 दिवसीय दीपावली के त्यौहार शनिवार को धनतेरस का प्रारंभ हो गया हैं। जिला मुख्यालय सहित कस्बे और नगरों के आसपास व ग्रामीण क्षेत्रों में धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया थाए सुबह से बाजारों में दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते दिखे। जहां दिनभर एका.दुका खरीदार ही दिखे। शाम को थोडी चहल.पहल रही।

कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन समुद्र.मंन्थन के समय भगवान धन्वन्तरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थेए इसलिए इस तिथि को धनतेरस या धनत्रयोदशी के नाम से जाना जाता है। धन्वन्तरि जब प्रकट हुए थे तो उनके हाथो में अमृत से भरा कलश था। इसलिए इस अवसर पर बर्तन खरीदने की भी परम्परा है। लोकमान्यता है कि इस दिन धन ;वस्तुद्ध खरीदने से उसमें तेरह गुणा वृद्धि होती है। जिसके कारण गुरूवार को जिला मुख्यालय सहित जैतहरीए कोतमा, बिजुरी, राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक जैसे शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण बाजारों में विशेष रौनक रहीं, लेकिन खरीदार नहीं दिखे। सराफ, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रोनिक की दुकान, मोबाइल,जेवर और सहित बर्तन की दुकानों पर लोग पहुंचे महंगाई के कारण अपनी पंसद की खरीदारी नहीं कर सकें। सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर विशेष रौनक देखने को मिली जहां लोगों ने जमकर खरीददारी की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसारए धनतेरस पर धन, वैभव और समृद्धि के लिए बर्तन, सोना.चांदी, झाड़ू, हल्दी, बताशा और गणेश.लक्ष्मी की प्रतिमा खरीदना शुभ माना जाता है। इसी आस्था के चलते लोगों ने अपनी क्षमतानुसार चम्मचए कढ़ाईए कुकर, थालीए लोटा, गिलास और चाय सेट जैसे बर्तनों की खरीदारी की।

बाजारों में त्योहार की भीड़ नहीं देखने को मिली। किसी भी अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिसकर्मी लगातार गश्त करते रहे। वाहन एजेंसियों पर भी धनतेरस से एक दिन पहले ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। कई लोग शनिवार को लोहे से बनी वस्तुएं खरीदना शुभ नहीं मानतेए जिसके चलते अधिकांश लोगों ने शुक्रवार को ही वाहनों की खरीद कर ली। पंडितों के अनुसार धनतेरस का अर्थ धन का तेरह गुना बढ़ जाना होता है। यही कारण है कि इस दिन लोग कुछ न कुछ अवश्य खरीदते हैं। शाम को घरों में दीप जलाकर भगवान धन्वंतरि,गणेश और मां लक्ष्मी की पूजा.अर्चना की गई।



## चंगेरी ग्राम पंचायत में हो रहा भ्रष्टाचार

**कोतमा , नवभारत।** जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत चंगेरी ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों में गुणवत्ताहीन कार्य रुकने का नाम नहीं ले रहा है निर्माण कार्यों की पोल तब खुलती है जब निर्माण हुए 2 से 3 महीने हो जाते हैं 2 से 3 महीना के दौरान ही सीमेंट का पता नहीं रहता गिट्टीयां रोड के बाहर झाँकती हुई नजर आती है नालियों के स्लैब गायब हो जाते हैं नालियां टूटने की कगार पर आ जाती है जबकि निर्माण के दौरान ही ग्रामवासी चीख चीखकर चिल्लाते रहते हैं कि भैया घटिया निर्माण मत करो हमारे ग्राम पंचायत की सड़के हैं हमारे टैक्स के पैसे से यह विकास कार्य होते हैं लेकिन आम जनता के टैक्स के पैसों की होली कैसे खेली जाती है कोई ग्राम पंचायत के जिम्मेदार पदाधिकारी से पूछे, इस तरह से भ्रष्टाचार की आंधी चली है चंगेरी ग्राम पंचायत में जहां सीसी रोड से सीमेंट जैसे चोरी हो गई हो गिट्टी बाहर झांक रही है मानो कह रही हो कि क्रेशर संचालको आओ और हमें निकाल कर फिर ले जाओ तो हम एक बार फिर किसी पंचायत में बिकने को तैयार हो जाए।

## दीपावली पर कानून व्यवस्था के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यदप्रदेश के अनूपपुर जिले में 6 दिवसीय दीपावली के त्यौहार पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की नियुक्ति की है। साथ ही उन्होंने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सहयोग हेतु संबंधित नगरीय क्षेत्र के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

शनिवार को धनतेरस से दीपावली का त्यौहार शुरू हो गया हैं जहां आज धनतेरस की बजारों में चहल.पहल बनी हैं वहीं लोगों द्वारा आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाता है तथा बाजारोंए मार्गों में अत्यधिक संख्या में लोगों का आना.जाना बना रहता है। इसके लिए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की नियुक्ति की है। साथ ही उन्होंने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सहयोग हेतु संबंधित नगरीय क्षेत्र के मुख्य



नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। अनूपपुर थाना क्षेत्रांतर्गत तहसीलदार अनूपपुर ईश्वर प्रधान, थाना चचाई क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार अनूपपुर कौशलेन्द्र शंकर मिश्राए थाना भालूमाड़ा क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार अनूपपुर मिथला प्रसाद पटेल, जैतहरी वेंकटनगर थाना क्षेत्रांतर्गत प्रभारी तहसीलदार जैतहरी रमाकांत तिवारी, कोतमा थाना क्षेत्रांतर्गत प्रभारी तहसीलदार कोतमा दशरथ सिंहए बिजुरी थाना क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार कोतमा धनीराम ठाकुरए रामनगर थाना क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार कोतमा ज्ञानदास पनिका, थाना राजेन्द्रग्राम क्षेत्रांतर्गत प्रभारी तहसीलदार पुष्पराजगढ़ संजय कुमार जाट, थाना अमरकंटक क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार पुष्पराजगढ़ सोहनलाल कोल तथा थाना करनपठार क्षेत्रांतर्गत नायब तहसीलदार पुष्पराजगढ़ राजेन्द्रदास पनिका को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स को निर्देश दिए हैं कि दीपावली त्यौहार के दौरान अपने.अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारीध्मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से समन्वय कर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने.अपने अनुभाग अंतर्गत कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी का दायित्व संभालेंगे।

## निजी कम्पनियों के दबाव में खदानों में जा रही हैं मजदूरों की जान : हरिद्वार सिंह

घटना स्थल अमलाई ओसीएम का कोल इंडिया मानकीकरण समिति के सदस्य किया अबलोकन

**अनूपपुर, नवभारत।** एसईसीएल के सोहागपुर क्षेत्र के अमलाई ओसीएम में विगत दिनों ओबी डम्प करते समय एक डोजर एवं एक टीपर ड्राइवर सहित 60 फ़ीट पानी के अंदर मलबे में समा गया हैए जिसे एनडीआरएफऔर सेना की टीम के लगातार कोशिश करने के बाद भी मशीन और ड्राइवर का पता नहीं लगा सका। इस घटना के बाद शनिवार को दुर्घटना का जायज़ा लाने एवं जाँच हेतु एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोल इंडिया मानकीकरण समिति के सदस्य कामरेड हरिद्वार सिंह अमलाई ओसीपी घटना स्थल पर पहुँच कर स्थिति का निरीक्षण किया। साथ अमलाई ओसीपी के उप क्षेत्रीय प्रबंधकएबंगवार एवं दर्जनों अधिकारी सहित सोहागपुर



क्षेत्र के सुरक्षा समीति के सदस्य मुकेश राय भी मौके पर जाँच में सहयोग किया।

कोल इंडिया मानकीकरण समिति के सदस्य कामरेड हरिद्वार सिंह ने बताया कि इसके पूर्व 2014 में सोहागपुर क्षेत्र के धनपुरी ओसीपी मे इसी प्रकार की घटना हुई थीए जहां एक 60 टन की एक बड़ी क्रेन एएक डोजर एवं एक डम्पर गहरे पानी में डम्प करते समय समा गया था जिसमे एक आपरेटर भी मशीन के साथ जल समाधि ले लिया थाए बहुत प्रयास के बाद भी न मशीनों का पता नहीं चला और अंत में आपरेटर को मृत मानकर कार्यवाही की गई। उसी प्रकार इस घटना यह जहां आज आपरेटर को मृत मानकर परिजनों को मुआवजा एवं शेष ग्रिवांसेज का कलेक्टर शहडोलए विधायक एवं महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भुगतान आज कर दिया गया है।घटना के सम्बन्ध में कामरेड हरिद्वार सिंह ने शहडोल कलेक्टर डाण्केदार सिंह से लम्बी वार्ता की। एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह ने सारे पहलुओं का अवलोकन करने के बाद कहा कि निजी कम्पनियों के अत्यधिक दबाव के कारण एवं असुरक्षित कार्य के कारण ही निजी कंपनियों के कर्मचारियों की जान जा रही है जो चिंताजनक है। इस घटना से सबक लेकर जाँच उपरांत आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिएए ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। हरिद्वार सिंह कम्पनी सुरक्षा समिति के सदस्यों के अलावा शायद पहले मज़दूर नेता है जो मौके पर पहुँच कर निरीक्षण कर प्रबंधन को आवश्यक सलाह दी।

### एक नजर में



#### निर्वाचन प्रेक्षक ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों में फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य जारी हैं। इस क्रम में आयोग द्वारा तैनात निर्वाचन प्रेक्षक एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एण् केण् सिंह ने नगरपालिका अनूपपुर क्षेत्र में बनाए गए दावा.आपत्ति केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने मतदाता सूची से संबंधित दावे और आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया तथा बूथ लेवल पर प्राधिकृत कर्मचारियों के कार्यों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची में प्राप्त सभी दावे.आपत्तियों का निराकरण निर्धारित प्रक्रिया और समय.सीमा के भीतर किया जाएए ताकि अंतिम सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि दावा.आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर निर्धारित की गई है। पुनरीक्षण कार्य पूर्ण होने के बाद फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 21 नवम्बर को नगरपालिका वार्डों एवं अन्य विहित स्थानों पर किया जाएगा। इस अवसर पर नगरीय निकाय के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निर्वाचन प्रेक्षक ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लोकतांत्रिक प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता का आधार बताया तथा सभी को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

#### उप मुख्यमंत्री अनूपपुर दौरा कार्यक्रम

**अनूपपुर।, नवभारत** मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल



रविवार को अनूपपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। जहां पूर्व मंत्री व विधायक अनूपपुर के पुत्र के मृत्यु उपरांत शोक संवेदना व्यिक्ति करने गृह ग्राम परासी जायेंगे। उप मुख्यमंत्री 19 अक्टूबर को प्रात: रीवा से ग्राम परासी जायेंगे जहां पूर्व मंत्री व विधायक अनूपपुर बिसाहूलाला सिंह के पुत्र के मृत्यु उपरांत शोक व्य क्ती करने करने गृह ग्राम परासी जायेंगे। दोपहर 1. 45 बजे अनूपपुर में जिला चिकित्सालय का भ्रमण एवं निरीक्षण करेंगेए दोपहर 3.45 बजे शहडोल जिला चिकित्सालय का भ्रमण एवं निरीक्षण करेंगे। अपराह्न 5. 30 बजे शहडोल से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सोने की बढ़ती कीमतों पर फूटा मध्यम वर्ग का दर्द

**अनूपपुर, नवभारत।** एक ओर सोने की आसमान छूती कीमतों ने आमजन के बजट को हिला कर रख दिया है, वहीं दूसरी ओर यह मुद्दा अब राजनीतिक रंग भी लेने लगा है। भगवा पार्टी की अनूपपुर नगर महिला अध्यक्ष एडवोकेट संतोष दुबे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि अब समझ आया किसने छीना लोगों का मंगलसूत्र। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए भाषण में मंगलसूत्र शब्द ने खूब सुर्खियाँ बटोरी थीं, परंतु आज हालात ऐसे बन गए हैं कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों से सचमुच उनका मंगलसूत्र छिनता दिखाई दे रहा है।

संतोष दुबे ने कहा कि अब



गरीब और मध्यम वर्ग अपने बच्चों की शादी में मंगलसूत्र देना तो दूर, साधारण आभूषण खरीदने की भी हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। प्रधानमंत्री का वह वक्तव्य अब किसी इशारे से अधिक आने वाले आर्थिक संकट की भविष्यवाणी साबित हो रहा है। सरकार को चाहिए कि वह सोने की कीमतों पर नियंत्रण के ठोस उपाय करे तथा मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए नीति बनाए, क्योंकि यही वर्ग न तो सरकारी योजनाओं का लाभ पा रहा है और न ही महंगाई की मार से बच पा रहा है।

## कटाएघाट में लगाया जाए मेला

**नवभारत, कटनी।** जिला योजना समिति सदस्य और पार्षद शशिकांत तिवारी ने नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक को पत्र सौंपकर परंपरागत कटाएघाट मेला के आयोजन के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि मेला नगर की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है और इसमें शैक्षणिक संस्थानों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, चित्रकला प्रदर्शनी, लोक नृत्य और गीत शामिल होते हैं। पार्षद ने मेला स्थल पर अतिक्रमण हटाने, घाट क्षेत्र की सफाई और सौंदर्यीकरण कार्य जल्द प्रारंभ करने और नदी किनारे की विकास कार्यों को आकर्षक बनाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि यह मेला न सिर्फ नगर बल्कि पूरे जिले के नागरिकों के सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है।



## कांग्रेस जिलाध्यक्ष का संघ पर विवादित पोस्ट पर हंगामा, एफआईआर की मांग

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में सोशल मीडिया पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू सिंह चौहान की विवादित पोस्ट को लेकर राजनीतिक और सामाजिक माहौल गरमा गया है। इसे लेकर शविार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सर्व हिन्दू समाज ने अनूपपुर कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए एफ्आईआर की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, विवादित पोस्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस जैसे संगठन पर कथित तौर पर झूठे और चरित्रहीन आरोप लगाए गए हैं। यह पोस्ट सामने आने के बाद से ही विवाद शुरू हो गया था। सर्व हिन्दू समाज ने इस मामले को गंभीर बताया है। उनका आरोप है कि इस तरह की पोस्ट समाज में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास है। संघ के कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस पोस्ट से हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और उनमें गहरा आक्रोश है। संघ और सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारियों ने कोतवाली थाना अनूपपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू सिंह चौहान के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की हैए ताकि भविष्य में ऐसी गतिविधियों को रोका जा सके।

## भारत ज्योति विद्यालय में भव्य कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**अनूपपुर,नवभारत।** भारत ज्योति विद्यालयए अनूपपुर में दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को एक अत्यंत भव्य और ज्ञानवर्धक कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकताए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विश्लेषण क्षमता तथा विभिन्न विषयों की व्यवहारिक उपयोगिता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विज्ञानए गणितए सामाजिक विज्ञानए कलाए कंप्यूटरए वाणिज्यए हिंदीए संस्कृत और अंग्रेज़ी जैसे विषयों पर आधारित सैकड़ों आकर्षक और कार्यात्मक मॉडल प्रस्तुत किएए जिन्हें देखकर उपस्थित अतिथि एवं अभिभावक अत्यंत प्रभावित हुए।

प्रदर्शनी में छात्रों ने न केवल अपने मॉडल प्रस्तुत किएए बल्कि उनकी संकल्पनाए उपयोगिता और निर्माण प्रिम्स्त्रद्धया को भी विस्तार से समझायाए जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बच्चों ने विषयवस्तु को गहराई से समझते हुए उसे सृजनात्मकता के साथ जोड़ा है। विज्ञान विषय में श्विज्ञान हर जगह हैश् की अवधारणा को जीवंत करते हुए बच्चों ने





जीवन से जुड़ी समस्याओं पर आधारित वर्किंग मॉडल्स जैसे . सोलर एनर्जी वाटर प्यूरीफिक्केशनए क्लाइमेट चेंजए स्मार्ट ट्रैफिक्क सिस्टम आदि का प्रदर्शन किया। गणित के क्षेत्र में सूत्रों की प्रस्तुति रोचक खेलों और ग्राफिक्कल मॉडल्स के माध्यम से की गई, जिससे यह विषय सरल और रुचिकर प्रतीत हुआ।

सामाजिक विज्ञान में भारतीय संविधानए न्याय व्यवस्था, ऐतिहासिक घटनाएंए सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक मुद्दों पर विद्यार्थियों ने प्रभावशाली चार्टए डायग्राम और मॉडल प्रस्तुत किए। वहीं हिंदी और संस्कृत विषय में व्याकरणए भाषा विकासए श्लोकों की व्याख्याए कहावतों एवं मुहावरों पर आधारित गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। अंग्रेज़ी विषय में स्टोरी टेलिंगए लाइव लाइब्रेरी, शब्दावली का विकास और संवाद प्रस्तुति को नवाचार के रूप में प्रस्तुत किया गया। वाणिज्य क्षेत्र में जीएसटीए शेयर मार्केटए बैंकिंग प्रणाली एवं टैक्सेशन जैसे विषयों को बच्चों ने अत्यंत व्यावहारिक और समझदारी से प्रस्तुत किया। कंप्यूटर विषय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइबर सिक्योरिटीए हार्डवेयर. सॉफ्टवेयर के डेमो सहित डिजिटल इंडिया की झलक प्रस्तुत की गई। कला एवं क्राफ्ट की प्रस्तुति में बेस्ट आउट ऑफ वेस्टश् गतिविधियों के अंतर्गत बच्चों ने कबाड़ से खूबसूरत सजावटी और उपयोगी वस्तुएँ बनाकर रचनात्मकता का परिचय दिया।

इस भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जीण् एलेक्जेंडर एवं उप.प्रधानाचार्या सिस्टर जिस मारिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के बैंड मार्च द्वारा किया गयाए जिसके पश्चात पुष्पगुच्छए स्मृति चिन्ह और विद्यार्थियों द्वारा दिए गए परिचय के साथ उनका अभिनंदन हुआ।

इस अवसर के मुख्य अतिथि रहे दृ डॉण् विनोद कुमार वर्माए सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायाधीशए जिला न्यायालय अनूपपुर। उन्होंने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ष्विद्यार्थियों का यह प्रयास इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहींए बल्कि वह जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है। प्रदर्शनी के मूल्यांकन हेतु विभिन्न क्षेत्रों से विशिष्ट अतिथि एवं विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गयाए जिन्होंने न केवल बच्चों के कार्यों का निरीक्षण किया बल्कि उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। गणित विषय का अवलोकन डॉण् देवेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किया गयाए जो पंडित राम गोपाल तिवारी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के डायरेक्टर और भारत विकास परिषद, विंध्य प्रांत के अध्यक्ष और रेड क्रॉस सोसाइटी अनूपपुर के सचिव हैं। उन्होंने गणितीय मॉडल्स की सराहना करते हुए बच्चों को आगे की दिशा में प्रेरित किया डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा, जो कि जिला सत्र न्यायालय में गवर्नमेंट प्रॉसिक्यूटर हैंए सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र के निर्णायक रहे। उन्होंने छात्रों से बातचीत कीए उनके ज्ञान की गहराई को सराहाए और सामाजिक न्याय, कानून एवं प्रशासन जैसे विषयों पर जानकारी दी। वाणिज्य विषय के विशेषज्ञ श्री भौमिक के. राठौर, एक प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जिन्होंने जीएसटी, शेयर बाजार और कर प्रणाली पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। डॉ. रमा नायडूए इंग्लिश लिटरेचर में पीएचडी एवं वरिष्ठ शिक्षाविद्ए अंग्रेज़ी विषय की जज थीं। उन्होंने भाषा की व्यावहारिक उपयोगिता को रेखांकित किया और विद्यार्थियों की प्रस्तुति को अत्यंत प्रभावशाली बताया। श्री संजय विश्वास, कला एवं क्राफ्ट के विशेषज्ञ एवं ट्राइबल श्रृष्टि आर्ट संस्था के निदेशक हैं। उन्होंने श्वेस्ट मटेरियल से बेस्ट मॉडलश् बनाने की गतिविधियों की सराहना की और बच्चों को बताया कि कैसे कला सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन सकती है।